## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**26** मार्च 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उड़ान 2.0 योजना को दी मंजूरी। देश में सौ नये एयरपोर्ट और दौ सौ हेलीपैड विकसित किए जाएंगे।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच में विस्थापित परिवारों को सीएम आवास, शौचालय और आवास के लिए भूमि के पट्टों का किया वितरण। मुख्यमंत्री आज गोरखपुर के गीडा में टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया का करेंगे लोकार्पण।
- केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की अफवाहों का किया खंडन। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– देश में उर्वरक की कोई कमी नही।
- चैत्र नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर प्रदेश भर के देवी मंदिरों में श्रद्धालु कर रहे है दर्शन पूजन। अयोध्या में रामनवमी को लेकर तैयारी हुई तेज।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कल हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना उड़ान– 2.0 को 2026–27 से वर्ष 2035–36 तक, दस वर्षों की अवधि के लिए शुरू करने और लागू करने की स्वीकृति दी गयी। इस योजना में अट्ठाइस हजार आठ सौ चालीस करोड़ रुपये का खर्च अनुमानित है। बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए ऐसे स्थानों पर सौ हवाई अड्डें और दो सौ हेलीपैड का विकास किया जाएगा, जहां अभी तक हवाई पट्टियां नहीं हैं। इससे कम सेवा वाले और अनुपलब्ध क्षेत्रों में क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी में सुधार होगा।

***उड़ान 2.0 मॉडिफाइड उड़ान इसमें 100 न्यू एयरपोर्ट्स को डेवलप किया जाए। राज्य सरकारों को यह चौलेंज दिया जाएगा कि आप लोग प्रायोरिटी डिसाइड करो कहां पर एयरपोर्ट बनाना है और लैंड से रिलेटेड परमिशन से रिलेटेड फॉरेस्ट का अगर इश्यू आता है तो उससे रिलेटेड कहीं पर भी कोई भी इश्यू आता है वह सब आप प्रायोरिटी बेसिस पर क्लियर करो उस एयरपोर्ट को लिया जाएगा।***

कैबिनेट ने इमिग्रेशन, वीजा, विदेशी पंजीकरण और ट्रैकिंग– आई.वी.एफ.आर.टी योजना को इकतीस मार्च, 2031 तक, जारी रखने की मंजूरी भी दे दी है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल बहराइच में एक सौ छत्तीस विस्थापित परिवारों को मुख्यमंत्री आवास, शौचालय और आवास के लिए भूमि के पट्टों का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने एक सौ अट्ठारह लाभार्थियों को इक्कीस करोड़ पचपन लाख रुपए की धनराशि भी हस्तांतरित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने पिछले नौ वर्षों में प्रदेश को नवनिर्माण की दिशा में अग्रसर किया है। उन्होंने कहा कि बहराइच में किए जा रहे पुनर्वास के काम डबल इंजन सरकार की सेवा और संवेदना के प्रतीक हैं। श्री योगी ने कहा कि सरकार जनता को मूलभूत सुविधाएं देने के साथ यह भी सुनिश्चित कर रही है कि गरीबों के अधिकार सुरक्षित रहें।

**जब सेवा और संवेदना शासन की व्यवस्था का हिस्सा बनता है तब गरीब के घर में शौचालय बनता है। जब सेवा और संवेदना जीवन का हिस्सा बनता है और सरकार इसे अपने एजेंडे का हिस्सा बनाती है तब गरीब के घर में मकान बनता है। एक आवास की सुविधाओं से प्राप्त होती है। जब सेवा संवेदना बोलती है तब गरीब को आयुष्मान का कार्ड बनता है और उसी सेवा और संवेदना के सेतु को जोड़ने के लिए हम सब इस बहराइच जनपद में आए हैं।**

**********

पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रम पर कल नई दिल्ली में अंतर मंत्रालयी प्रेसवार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने स्पष्ट किया कि पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बढोतरी नहीं की गई। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

**हमारे पास लगभग सालाना 26 करोड़ टन कच्चे तेल को डिफाइन करने की कैपेसिटी उपलब्ध है। मैं बताना चाहती हूं कि पेट्रोल और डीजल के प्राइस में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। अतः मेरा आप सभी से आग्रह है कृपया अफवाहों पर ध्यान ना दें।**

पीएनजी विस्तार के बारे में उन्होंने कहा कि पिछले पचीस दिनों में लगभग ढाई लाख नये पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं।

इसी क्रम में वाराणसी में मंडलायुक्त एस राज लिंगम ने मीडिया से बातचीत में जानकारी दी कि वाराणसी में पीएनजी नेटवर्क का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। इसमें गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड–गेल से भी सहयोग मांगा गया है।

वहीं गोरखपुर में देर शाम से पेट्रोल पम्पों पर भीड़ बढ़ जाने पर स्थिति स्पष्ट करते हुए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि जिले में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नही है। लोग अफवाहों पर ध्यान न दें और बिना जरूरत के अपने वाहनों में अतिरिक्त पेट्रोल डीजल संग्रहित न करें।

**सभी जनपदवासीयों से आग्रह है कि कोइ भी अफवाह पर ध्यान ना दे। कुछ लोगों के अफवाहों की वजह से लोगों में ये एक पैनिक क्रियेट हुआ की पेटोल खत्म हुआ जिस वजह से लाइन लगने लगी है सभी जगह पर प्रयाप्त जितन भी स्टाक है वो है और आने वाले टाइम के हिसाब से भी रेगुलर स्पलाइ है। अभी जहां जहां भी पेटोल पम्प है वहां पर कुछ लोग सेचुवेसन को देखते हुए आ रहे है लाइन लगा रहे है और एसे सभी पेटोल पम्पस पर हम लोंग जायजा ले रहे है।**

**********

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल गोरखपुर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को किट वितरण किया। कार्यक्रम से पहले उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि देश में उर्वरक की कोई कमी नहीं है।

***किसान भाई–बहन आश्वस्त रहे। हमारे पास फर्टिलाइजर की पर्याप्त व्यवस्था है। खेती–बाड़ी में कोई दिक्कत नहीं आएगी। आगे बाकी व्यवस्था बनी रहे। इसके लिए प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हम दिन और रात प्रयत्न कर रहे हैं। समाधान प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हर संकट का निकला है। हम आश्वस्त है कि सारी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाकर रखें।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में छात्राओं के लिए छात्रावास निर्माण के लिए भूमिपूजन और शिलान्यास किया। साथ ही साइबर फॉरेंसिक रिसर्च सेंटर का उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए छात्रावास जैसी सुविधाएं आज की आवश्यकता हैं, जिससे वे नए भारत के निर्माण में अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभा सकें। उन्होंने कहा कि टैलेंट को टेक्नोलॉजी से जोड़कर प्रदेश को इंड्रस्ट्रीज हब के रूप में विकसित किया गया है। श्री योगी ने कहा कि देश के अंदर वर्तमान में मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग का जितना भी काम हो रहा है उसमें पचपन प्रतिशत अकेले यूपी कर रहा है। इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने शहर के गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में सरकार के नौ वर्ष पूरा होने के अवसर पर आयोजित कार्यकर्ताओं से संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन वाली वर्तमान सरकार बुलेट ट्रेन की स्पीड से दौड़ रही है। मुख्यमंत्री आज गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण–गीडा में बीस करोड़ रूपये की लागत से तैयार साफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया का लोकार्पण करेंगे।

**********

आकाशवाणी आज से अपने सुबह के प्रसारण की शुरुआत राष्ट्रगीत वंदे मातरम के पूर्ण संस्करण से कर रहा है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा कि गृह मंत्रालय के हालिया दिशानिर्देश में राष्ट्रगीत के छह श्लोकों को शामिल किया गया है।

**********

वासंतिक नवरात्र के आठवें दिन आज पूरे प्रदेश में मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा अर्चना की जा रही है। प्रदेश भर के मंदिरों और शक्तिपीठों में माता की पूजा अर्चना हो रही है। मिर्जापुर के मॉ विंध्यवासिनी मंदिर बलरामपुर में मॉ पाटेश्वरी देवी शक्तिपीठ, वाराणसी के बागेश्वरी माता मंदिर, महराजगंज के लेहड़ा माता मंदिर और गोरखपुर के तरकुलहा माता मंदिर में दर्शन पूजन के लिए भोर से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी हुई है।

**********

रामनवमी पर्व को लेकर अयोध्या में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में कल एडीजी लखनऊ जोन प्रवीण कुमार के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने फ्लैग मार्च निकाला। श्री कुमार ने बताया कि पुलिस अधिकारियों ने अयोध्या में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। वहीं डिविजनल कमिश्नर राजेश कुमार ने बताया कि सभी तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के साथ बैठक भी की गई ।

***रामनवमी पर जो धाम है, इसको पूरे सेक्टरों में बांटा गया है जैसे कनक भवन में बहुत भीड़ होती है, राम मंदिर में बहुत भीड़ होगी, हनुमान गढ़ी में बहुत भीड़ होगी और बाकी नागेश्वर मंदिर में बहुत भीड़ होगी तो इस हिसाब से और घाट पर भीड़ रहेगी। तो अलग–अलग जगहों पर सेक्टरों में बांटा गया है और साथ में ट्रैफिक के लिए दो सेक्टर बनाए गए हैं। उन्हीं की ब्रीफिंग और जो रूट प्लान है वह पहले से ही डिसाइड था उसको और फाइन ट्यून किया गया है।***

वहीं, प्रदेश सरकार ने रामनवमी के अवसर पर 26 मार्च के साथ 27 मार्च को भी सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

**********